Hindustan-New Delhi-22-03-2011

डीटीयू में हर छात्र को औसतन छह लाख का पैकेज

पिछले साल के मुकाबले दस प्रतिशत बढ़ा पैकेज

कार्यालय संवाददाता

नई दिल्ली

दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी में प्रत्येक छात्र को औसतन छह लाख रुपए का पैकेज मिला है। अब तक विश्वविद्यालय के 500 छात्र नौकरी पा चुके हैं। इस साल 115 छात्रों को एक से अधिक नौकरियां मिली हैं।

चार छात्रों को इस वर्ष 11.8 लाख सालाना का पैकेज मिला है। पिछले साल के मुकाबले इस बार पैकेज में दस फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल 460 छात्रों को नौकरी मिली थी। यही नहीं पिछले साल के मुकाबले इस बार कंपनियों ने अधिक छात्रों को नौकरियां दी है। डियोलाइट ने जहां 33 लोगों को नौकरी दी तो इवेल्यू सर्व और भेल ने क्रमश : 27 और 25 छात्रों को नौकरी प्रदान की। कैंपस में माइक्रोसॉफ्ट, मारूति, आईओसीएल, गेल, सोनी, याहू, सी-डॉट, नेस्ले, जेपी मॉर्गन, एल एंड टी, टाटा मोटर्स, गूगल, टीसीएस और एनटीपीसी ने छात्रों को नौकरियां प्रदान की। सबसे अधिक संख्या में कंपनियां आईटी और सॉफ्टवेयर सेक्टर की आई। प्लेसमेंट के बाबत पूछने पर डीटीयू के वाइस चांसलर पी.बी.शर्मा ने कहा कि डीटीयू का हमेशा से ही मकसद रहा है कि ऐसे प्रोफेशनल्स तैयार किए जाए जो कि बाजार की जरूरत पर पूरी तरह फिट बैठते हो।

इस लिहाज से कॉलेज के पाठ्यक्रम को ऐसा बनाया गया है जो कि छात्र का पूर्ण रूप से विकास कर सकें और कंपनियों को भी आकर्षित कर सकें। उन्होंने कहा कि इसी का परिणाम है कि कैंपस में हर साल छात्रों के चयन के लिए कंपनियों के आने की संख्या बढ़ रही है। इस साल कैंपस में 144 कंपनियां आई हैं।